जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

प्रेस विज्ञप्ति 24 मई, 2023

**जामिया वीसी ने किए ऑफिसियल सेरेमनी में एनसीसी बैंड इंस्ट्रूमेंट्स रिसीव**

राष्ट्रीय कैडेट कोर, जामिया मिल्लिया इस्लामिया को बैंड इंस्ट्रूमेंट सौंपने का आधिकारिक समारोह 23 मई, 2023 को जामिया के प्रशासनिक ब्लॉक परिसर में आयोजित किया गया।

अतिरिक्त महानिदेशक एनसीसी, दिल्ली निदेशालय, मेजर जनरल एस पी विश्वासराव, एसएम** ने जामिया मिल्लिया इस्लामिया की राष्ट्रीय कैडेट कोर की कर्नल कमांडेंट, माननीय कुलपति प्रो. नजमा अख्तर को बैंड इंस्ट्रूमेंट सौंपे। एनसीसी, जामिया को दिए गए बैंड इंस्ट्रूमेंट में बैगपाइप, पाइप चैंटर रीड, प्रैक्टिस चैंटर, ब्रास ड्रम, टेनर ड्रम, साइड ड्रम, ब्रास ड्रम स्टैंड और पाइप बैंड से जुड़े कई अन्य उपकरण शामिल हैं। इन नए अधिग्रहीत पाइप बैंड उपकरणों ने एनसीसी, जामिया के मौजूदा बैंड ट्रूप की क्षमता को बढ़ाया है।

एनसीसी की मानद समन्वयक प्रो. तस्नीम मीनाई और एनसीसी, जामिया के एसोसिएट एनसीसी अधिकारियों और केयर टेकर अधिकारियों ने माननीय कुलपति प्रो. नजमा अख्तर के आगमन पर उनका स्वागत किया। एनसीसी कैडेट ने माननीय कुलपति का औपचारिक स्वागत किया। इसके बाद अतिरिक्त महानिदेशक एनसीसी, दिल्ली निदेशालय, मेजर जनरल एस पी विश्वासराव, एसएम** को एक क्वार्टर गार्ड दिया गया।

बैंड इंस्ट्रूमेंट सौंपने के समारोह में ग्रुप कैप्टन कुमार देश दीपक, ग्रुप कमांडर, मुख्यालय ग्रुप 'सी' (NCC) दिल्ली निदेशालय, कर्नल अब्दुल बासित ए हंगल, 4 DBN के कमांडिंग ऑफिसर और 2 दिल्ली नौसेना इकाई, एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर कैप्टन (IN) नलिन के. मिश्रा ने भाग लिया। समारोह में विभिन्न संकायों के डीन के साथ-साथ डीन, छात्र कल्याण और विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारियों ने भी भाग लिया।

प्रो. नजमा अख्तर ने जामिया मिल्लिया इस्लामिया में राष्ट्रीय कैडेट कोर को अपार समर्थन देने के लिए मेजर जनरल एसपी विश्वासराव एस. को धन्यवाद दिया और आशा व्यक्त की कि विश्वविद्यालय के प्रतिभावान छत्र महत्वपूर्ण राष्ट्रीय आयोजनों के अवसरों के लिए बैंड सीखने और बजाने के अवसर से भी लाभ प्राप्त करेंगे। एडीजी एनसीसी दिल्ली डायरेक्ट्रेट ने एनसीसी परेड ग्राउंड का भी दौरा किया और एनसीसी कैडेटों ने रॉक क्लाइंबिंग का प्रदर्शन दिखाया। उन्होंने, ग्रुप कमांडर और कमांडिंग ऑफिसर्स, माननीय समन्वयक एनसीसी और अन्य एनसीसी अधिकारियों के साथ यूनिवर्सिटी

फायरिंग रेंज का निरीक्षण भी किया और एनसीसी गतिविधियों में जामिया के छात्रों की भागीदारी बढ़ाने के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे के विकास में सहयोग का वादा किया।

जामिया के सहयोगी एनसीसी अधिकारी- लेफ्टिनेंट रजनीश कुमार, II/O अम्तुल सबा, III/O हयात आलम और केयर टेकर अधिकारी- डॉ. आरिफ मोहम्मद, डॉ. अमित कुमार और डॉ. अताउर रहमान, पूर्व वरिष्ठ एनसीसी कैडेट, एनसीसी कार्यालय कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सेना और नौसेना के सीनियर और जूनियर डिवीजन/विंग के कर्मचारियों और एनसीसी कैडेटों ने बहुत उत्साह से भाग लिया।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया